भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +4

सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के आधार पर सर्किट

+4. श्री अण्णा साहेब शंकर जोल्ले:

श्री तेजस्वी सूर्या:

श्री बी. वाई. राघवेंद्र:

श्री प्रताप सिम्हा:

श्री कराडी सनगन्ना:

डॉ उमेश जी. जाधव:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के आधार पर कोई नए सर्किट शुरू करने की योजना बना रहा है; और

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख) पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में थीमेटिक परिपथों को योजनाबद्ध और प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से विकसित कर रहा है। इस योजना के तहत, 15 चिह्नित थीमों में से विरासत एक है।

स्वदेश दर्शन योजना के विरासत परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण संलग्न है।

****

अनुबंध

राज्यों की सांस्कृतिक विरासत के आधार पर सर्किट के संबंध में 29.11.2021 को लोक सभा के लिखित प्रश्न सं +4 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में दिया गया **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के विरासत परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु में)

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**परिपथ का नाम और वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**
1.	गुजरात	विरासत परिपथ (2016-17)	अहमदाबाद - राजकोट-पोरबंदर-बारडोली- दांडी का विकास	59.17	56.21
2.	मध्य प्रदेश	विरासत परिपथ (2016-17)	ग्वालियर - ओरछा -खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु का विकास	89.82	85.33
3.	उत्तराखंड	विरासत परिपथ (2016-17)	कुमाऊँ क्षेत्र - कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ- देवीधुरा का विकास	76.32	67.62
4.	उत्तर प्रदेश	विरासत परिपथ (2016-17)	कालिंजर किले (बांदा) – मरहर धाम (संतकबीर नगर) -चौरीचौरा, शहीदस्थल (फतेहपुर) –मावाहर स्थल (घोसी) – शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	33.97	26.54
5.	असम	विरासत परिपथ (2016-17)	तेजपुर - माजुली -शिवसागर का विकास	90.98	72.78
6.	गुजरात	विरासत परिपथ (2016-17)	वडनगर मोढेरा और पाटन का विकास।	91.84	87.25
7.	पुडुचेरी	विरासत परिपथ (2017-18)	फ्रैंको-तमिल गांव, कराईकल, माहे और यनम का विकास	54.91	43.93

8.	राजस्थान	विरासत परिपथ (2017-18)	राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (नाहरगढ़ किला) - अलवर (बाला किला) -सवाईमाधोपुर (रणथंभौर और खंडार किला) - झालावाड़ (गागरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) जैसलमेर (जैसलमेर किला) हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेड़ी) जालोर (जालौर किला) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफ़र और पुरानी छावनी) - नागौर (मीराबाई स्मारक) का विकास	72.49	50.94
9.	तेलंगाना	विरासत परिपथ (2017-18)	विरासत परिपथ का विकासः कुतुब शाही हेरिटेज पार्क- पैगाह मकबरे - हयात बख्शी मस्जिद -रेमंड का मकबरा	96.90	70.61
10.	पंजाब	विरासत परिपथ (2018-19)	आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - चमकौर साहिब - फ़िरोज़पुर - अमृतसर - खटकरकलां - कलानौर - पटियाला का विकास	91.55	41.45
			कुल	**757.95**	**602.66**

****